## खबर संक्षेप

### बहू ने सास पर किया जानलेवा हमला

**सतना।** अमरपाटन में एक चौंकाने वाली पारिवारिक कलह में,अमरपाटन थाना क्षेत्र के ग्राम भीषमपुर में एक बहू ने अपनी सास पर ईंट से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। घायल महिला को 'डायल 100' की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया,जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है,यह घटना पारिवारिक विवादों के बढ़ते मामलों को उजागर करती है।

### मंदिर से लौट रही महिला पर कुल्हाड़ी से हमला

**सतना।** अमरपाटन के ग्राम ललितपुर में मंदिर से दर्शनकर लौट रही एक महिला का तीन अज्ञात लोगों ने रास्ता रोक लिया और उसके साथ गाली-गलौज की। इसके बाद,हमलावरों ने महिला के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर,ताला पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घायल महिला को मेडिकल जांच के लिए सिविल अस्पताल अमरपाटन पहुंचाया गया है,जहाँ उसका इलाज जारी है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

### चराई के पैसे न देने पर चरवाहों ने युवक को पीटा

**सतना।** अमरपाटन के ग्राम आनंदगढ़ में पशुओं की चराई के पैसे न देने पर दो चरवाहों ने एक युवक पर डंडे और पत्थर से हमला कर दिया,जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित युवक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई,जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ताला पुलिस घायल युवक को मेडिकल जांच के लिए सिविल अस्पताल अमरपाटन लेकर पहुंची। इस घटना ने क्षेत्र में छोटी-मोटी बातों पर होने वाले विवादों की गंभीरता को दिखाया है।

### चलती मोटरसाइकिल से गिरने से महिला गंभीर घायल

**सतना।** अमरपाटन देहात थाना क्षेत्र के एन एच-30 पर ग्राम नादन के पास एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल से अचानक गिरने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला अपने पति के साथ बाइक पर बैठी थी। उसे तुरंत इलाज के लिए सिविल अस्पताल अमरपाटन लाया गया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला को गंभीर चोटें आई हैं,और घटना के संदिग्ध होने के कारण पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नहर में डूबने से महिला की मौत

**सतना।** रामनगर थाना क्षेत्र के बेल्हा टोला नौगांव नंबर 4 में नहर में डूबने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान ललिता सिंह,पति बैजनाथ सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला खेत की ओर जा रही थी,तभी उसका पैर फिसल गया और वह नहर में गिरकर डूब गई। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसी नहर में पहले भी एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो चुकी है,जब यह नहर धंस गई थी।

फॉरेंसिक टीम ने रिवाल्वर, हैंड वॉश कर पानी, खून के नमूने और मिट्टी जप्त की, जांच के लिए आज भेजी जाएगी प्रयोगशाला

# पीएम में नौकरानी की कनपटी में रिवाल्वर सटाकर गोली लगने की बात आई सामने

## पूर्व कांग्रेस विधायक के घर नौकरानी ने की कथित खुदकुशी का मामला,शादी से दो महीने पहले मौत से हड़कंप





सतना। जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र अंतर्गत चौबेपुर में मंगलवार को पूर्व विधायक और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी के घर में काम करने वाली एक 24वर्षीय युवती की गोली लगने से हुई मौत के मामले की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। चित्रकूट नयागांव थाना पुलिस के मुताबिक गोली दाएं ओर कनपटी में सटाकर मारी गई है। इस बीच फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से रिवाल्वर मृतका के हाथ धुलाकर उसका पानी,खून के नमूने और घटनास्थल की मिट्टी जप्त की है। जिसे गुरुवार या शुक्रवार को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। इस बीच बताया गया है कि मृतिका की 2 महीने बाद शादी होने वाली थी। घटना के बाद से हड़कंप मच गया है।

बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया और उसके बाद उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। पुलिस पूरे मामले की सूक्ष्म तफ्तीश कर रही है। मृतक युवती की पहचान सुमन निषाद के रूप में हुई,जो पिछले कई सालों से नीलांशु चतुर्वेदी के घर पर बतौर नौकरानी काम कर रही थी। एडिशनल एसपी ने बुधवार को बताएं की प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि उसने लाइसेंसी पिस्टल से दाहिनी कनपटी में गोली मार कर आत्महत्या कर ली। गोली चलने की आवाज सुनकर घर में मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और सुमन को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया,जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस जांच जारी, प्रेम प्रसंग का एंगल सामने

जिस हथियार से सुमन ने खुद को गोली मारी, उसका लाइसेंस पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी की पत्नी के नाम पर है। पुलिस की शुरुआती जांच के अनुसार,सुमन की शादी तय हो चुकी थी। यह भी जानकारी सामने आई है कि वह अक्सर किसी से फोन पर बात करती थी, जिससे उसकी माँ परेशान रहती थी। पुलिस इस बिंदु पर भी गहराई से जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आत्महत्या के पीछे के कारणों तथा परिस्थितियों की गहनता से जांच की जा रही है। हालांकि प्रथम दृष्ट्या यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है,लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को खंगाल रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके। इस घटना ने एक बार फिर हथियार लाइसेंस और उनकी सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### मोबाइल फोन से खुलेगा राज

सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने मृतका नौकरानी का मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिया है और उसकी सूक्ष्म जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि वह किन-किन लोगों से बातचीत करती थी क्योंकि यह भी एंगल सामने आया है कि वह फोन पर ज्यादा बात करती थी जिसे लेकर परिवार के लोग उसे फटकार भी लगाते थे। पूर्व विधायक के घर में एक नौकरानी की गोली लगने से हुई मौत की घटना पूरे इलाके में आग की तरह फैली हुई है और लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं।शक और संदेह का कोई भी दायरा नहीं है। लोग अपने-अपने तरीके से घटना को समझ रहे हैं।

# अस्पताल में बुजुर्ग महिला मरीज से अभद्रता परिजनों के विरोध करने पर डॉक्टर को हटाया

## डॉक्टर पर रिकॉर्ड फाड़ने और धक्का देने के आरोप



**सतना।** एक बुजुर्ग महिला मरीज के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले डॉक्टर गौरव त्रिपाठी को नाहर नर्सिंग होम प्रबंधन ने नौकरी से निकाल दिया है। यह कार्रवाई बुधवार को परिजनों द्वारा नर्सिंग होम के बाहर किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद की गई। मामला मंगलवार का है जब पेप्टेक सिटी निवासी साधना द्विवेदी अपने बेटे के साथ पेट की परेशानी दिखाने डॉक्टर गौरव के पास आई थीं। उनके पास फाइल की हार्ड कॉपी नहीं थी,इसलिए बेटे ने मोबाइल पर रिपोर्ट दिखाने का प्रयास किया। इस बात से डॉक्टर नाराज हो गए और पहले तो मरीज को देखने से मना कर दिया।बाद में जब वे तैयार हुए तो तेज आवाज में बात करने लगे। जब बेटे ने इस पर आपत्ति जताई,तो डॉक्टर ने रिकॉर्ड फाड़ दिया और धक्का देने लगे। इसके बाद उनके बंदूकधारी सुरक्षाकर्मी ने महिला से अभद्रता करते हुए उन्हें बाहर निकाल दिया।

### नर्सिंग होम के बाहर धरने पर बैठे परिजन


इस घटना से आहत होकर बुधवार को महिला के परिजन और समर्थक नर्सिंग होम के बाहर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के बाद नर्सिंग होम प्रबंधन ने डॉक्टर को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा। जब डॉक्टर ने माफी मांगने से इनकार किया,तो प्रबंधन ने उनकी सेवाएं समाप्त कर दीं और उनके केबिन में ताला लगवा दिया।

### पहले भी कर चुके अभद्रता

बता दें कि,डॉक्टर गौरव त्रिपाठी गेस्ट्रोलॉजिस्ट हैं,वह अपने बेहतर इलाज से ज्यादा विवादों और बंदूकधारी सुरक्षाकर्मी के साथ चलने के लिए चर्चा में रहते हैं।यह डॉक्टर गौरव की अभद्रता का पहला मामला नहीं है,लेकिन इस बार हुए विरोध के कारण प्रबंधन को कड़ा कदम उठाना पड़ा।

# सीएसआर में सीमेंट फैक्ट्रियों ने खर्च किए 16 करोड़

### लेकिन ज़मीनी विकास शून्य, मैहर की जनता ने सरकार से मांगा हिसाब



**मैहर।** मैहर के अल्ट्राटेक,केजीएस एवं आरसीसीपीएल तीनों बड़े सीमेंट प्लांटों ने वर्ष 2021 से 2025 तक 4 वर्ष में सीएसआर मद से कुल 1662.57 लाख रुपये (लगभग 16.6 करोड़) खर्च किए हैं। यह आंकड़े चौंकाने वाले हैं क्योंकि कागज़ों पर भारी भरकम राशि दर्शाने के बावजूद क्षेत्र में न तो सड़कें सुधरीं,न स्वास्थ्य सेवाएं,और न ही युवाओं को रोज़गार मिला। टूटी गलियों,सूखते नल और उपेक्षित पंचायतों को देखकर जनता सवाल कर रही है कि क्या यह धन सिर्फ रिपोर्टों तक ही सीमित रह जाएगा। मैहर की जागरूक जनता जानना चाहिती है कि जब सीएसआर मद से जनता की भलाई में खर्च किया जाना चाहिए तो करोडों रुपए कहां खर्च किए गए सार्वजनिक किया जाना चाहिए। पहले भी विधानसभा में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने यह गंभीर मुद्दा उठाया और मांग की थी कि जिन क्षेत्रों से खनिज और संसाधनों का दोहन हो रहा है वहां के किसानों और आम जनता को उसका प्रत्यक्ष लाभ मिलना चाहिए थे वह आज भी नहीं मिले है और क्षेत्रीय ग्रामीणों को सीमेंट फैक्ट्रियों के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय जनता सरकार से जवाबदेही तय करने की मांग की थी।अब सवाल यह है क्या सीएसआर केवल कागजी विकास का जरिया बनकर रह गया है? या फिर कोई ठोस जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई भी होगी? मैहर की जनता जानना चाहती है।



### रैगाँव विधानसभा के पुरवा में 77 साल बाद भी सड़क नहीं

**सतना।** रैगाँव विधानसभा के पुरवा (उसरहाई) गांव से एक शर्मनाक तस्वीर सामने आई है,जो आजादी के 77 साल बाद भी सुगम यातायात के लिए सड़क की कमी को दर्शाती है। हाल ही में एक घटना में,ग्रामीणों को एक मृतक को पोस्टमार्टम के लिए ले जाते समय बिना सड़क के भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी और विकास की उपेक्षा को उजागर करती है,जो बेहद चिंताजनक है।

# नगर निगम का स्वच्छता अभियान: पौधरोपण, प्लास्टिक प्रतिबंध और जनभागीदारी पर ज़ोर

**सतना।** नगर पालिक निगम सतना की सूचना,शिक्षा और संचार टीम ने शहर के विभिन्न हिस्सों में व्यापक जागरूकता और सफाई गतिविधियों का संचालन किया। इन गतिविधियों का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के लिए तैयार करना और एक स्वच्छ,सुरक्षित और स्वस्थ शहर के लक्ष्य को प्राप्त करना है। अभियान की शुरुआत एसटीपी प्लांट महादेवा में पौधरोपण के साथ हुई,जहाँ जल भराव को रोकने के लिए नालियों की भी सफाई की गई। इस अवसर पर महापौर, नगरनिगम अध्यक्ष, नगर निगम के अधिकारीगण, टीम और सफाई मित्र उपस्थित थे।वार्ड 34 में सार्वजनिक स्थलों और क्षेत्रों में सघन सफाई की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान पॉइंट्स पर मास क्लीनिंग अभियान चलाया गया, जिसने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को गति दी। इस पहल ने नागरिक भागीदारी के साथ स्वच्छ,सुरक्षित और स्वस्थ सतना के लक्ष्य को और मजबूत किया है।



### सड़क दुर्घटना में दुखद निधन



**मैहर।** नगर पालिका परिषद मैहर में पदस्थ रहे कर्मचारी दीपक बढ़ोलिया का बुधवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना के बाद इलाज हेतु जबलपुर ले जाते समय रास्ते में निधन हो गया। इस दुखद समाचार से पूरे नगर पालिका परिवार सहित मैहर नगर में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,दीपक बढ़ोलिया एक सामान्य कार्य दिवस के बाद किसी निजी कार्य से बाहर निकले थे तभी सड़क पर एक वाहन की टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के उपरांत उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जबलपुर रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही उन्होंने अंतिम सांस ली।

### अतिक्रमण की चपेट में जिला अस्पताल : बब्बल



**सतना।** मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया ने जिला अस्पताल के आसपास किए गए अतिक्रमण पर चिंता जाहिर की है। श्री भाटिया ने कहा कि जिला अस्पताल एक संवेदनशील एरिया है जहां पर गंभीर रूप से सीरियस मरीज आते जाते रहते हैं ऐसी स्थिति में सड़क पर फैला अतिक्रमण उनकी जान का दुश्मन बन रहा है क्योंकि यहां पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में मरीज को लेकर आने वाली एंबुलेंस तक फंस जाती है तथा लोगों को मरीज को हाथ में उठाकर अंदर ले जाना पड़ता है जो की उचित नहीं है। श्री भाटिया ने जिला प्रशासन से मांग की है की यहां का अतिक्रमण हटाने की कृपा करें।

# माइक्रो सिंचाई योजना को विधायक ने विधानसभा में उठाया मामला



**मैहर।** मैहर विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी ने विधानसभा में माइक्रो सिंचाई योजना का मुद्दा उठाया है। पिछले दिनों किसानों के हित के लिए माइक्रो सिंचाई योजना के लिये विधानसभा में प्रश्न उठाया था।

### क्या है माइक्रो सिंचाई योजना

सूक्ष्म सिंचाई योजना जिसे प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना के तहत प्रति बूंद अधिक फसल घटक के रूप में भी जाना जाता है। यह एक सरकारी पहल है जिसका उद्देश्य पानी के उपयोग को अधिक कुशल बनाना और कृषि उत्पादकता को बढ़ाना है। यह योजना ड्रिप और स्प्रिंकलर सिचाई जैसी सूक्ष्म सिचाई तकनीकों को बढ़ावा देती है,जिससे पानी की बचत होती है और किसानों को अधिक उपज प्राप्त करने में मदद मिलती है। इससे सूक्ष्म सिचाई जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर सिचाई,पारंपरिक सिचाई विधियों की तुलना में पानी की खपत को कम करती है। यह योजना किसानों को पानी बचाने और अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में मदद करती है।

## खबर संक्षेप

### नाबालिक बच्ची को अमानगंज पुलिस ने मुंबई से किया दस्तयाब

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम बांधी कला से गत 28 मई 2025 की रात एक नाबालिक बच्ची घर में बिगर सूचना दिए एक नवयुवक के साथ गायब हो गई। घटना की सूचना उसके पिता द्वारा अमानगंज पुलिस थाने में दर्ज कराई बच्ची की स्थानीय स्तर पर पुलिस ने काफी खोज बीन की और अंत में मुस्कान अभियान के अंतर्गत मुंबई के ठांडे से बच्ची को दस्तयाब करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता हाथ लगी। घटना के विषय में फरियादी पिता ने पुलिस को सूचना दिया, कि इसके गांव में बिहार का एक नवयुवक आरोपी राहुल सिंह ठाकुर कई दिनों से जमा है और उसका इसके घर पर आना-जाना लगातार होता रहा इसकी एक नाबालिक बच्ची को आरोपी बहला-फूसला कर भगा ले गया। फरियादी की सूचना में पुलिस ने साइबर सेल के सहयोग से आरोपी का पता लगाया जो मुंबई ठांडे से गिरफ्तार हुआ।

### लगभग 20 घंटे से पन्ना दमोह राजमार्ग अवरुद्ध

**सिमरिया।** तहसील सिमरिया अंतर्गत दमोह पन्ना राजमार्ग स्थित ब्यारमा नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त होने से प्रशासन द्वारा लगभग 20 घंटे से बंद कर दिया गया है जिससे आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा अभी कुछ दिनों के लिए हो सकता है कि मार्ग अवरुद्ध रहे प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है कि ब्यारमा नदी के आसपास वाले ग्रामों के लोग सतर्क रहे। इतना ही नहीं दमोह मार्ग को जाने वाले वाहन वैक्लिपिक मार्ग से इस हालात को ध्यान में रखकर जाने से लगभग 40-50 किलोमीटर की दूरी अतिरिक्त तय करने को लेकर चर्चायें व्याप्त है। गौरतलब बात यह है कि जहां पन्ना से दमोह, सागर, भोपाल, पहुंच मार्ग के लिए अधिकत्तर वाहन जो इस मार्ग से गुजरते थे अब या तो छतरपुर से सागर होते हुए भोपाल की दूरी तय करना पड़ेगी वहीं दमोह पहुंचने के लिए अमानगंज से वैक्लिपिक मार्ग की तालाब करते हुए दमोह का सफर तय होगा हालात बारिश के चलते पुल के छतिग्रस्त होने को लेकर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग को बंद रखा गया है।

## पवई थाना अंतर्गत ग्राम कृष्णगढ़ की घटना

# 26 वर्षीय युवक का संदिग्ध अवस्था में मिला शव, हत्या की आशंका

### पवई पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच की शुरू

**पवई।** पवई थाना अंतर्गत ग्राम कृष्णगढ़ से बुधवार सुबह 26 वर्षीय युवक का संदिग्ध अवस्था खून से लथपथ शव मिलने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि मृतक का नाम लोकपाल सिंह लोधी पिता पप्पू लोधी उम्र 26 वर्ष बताई जा रही है। मृतक का शव ग्राम कृष्णगढ़ के हाट बाजार के पास खून से लथपथ अवस्था में पाया गया। मृतक के भाई ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह सुबह मंदिर पूजा करने के लिए जा रहा था, तभी रास्ते में गांव के दो लोगों ने उन्हें बताया कि उनका भाई हाट बाजार में खून से लथपत पड़ा हुआ है,जब मैने जाकर देखा तो उसका शव पड़ा हुआ था, उसके भाई ने यह भी बताया की उसकी किसी से किसी प्रकार की कोई रंजिश या दुश्मनी नहीं थी। वही एसडीओपी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दृष्टिया हत्या का मामला लग रहा है, पुलिस द्वारा जांच कर दो संदिग्धो को गिरफ्तार किया हैं।. जिमसे कृष्णगढ़ निवासी धर्मेंद्र सिंगरोल एवं सचिन सिंगरोल से पुलिस कि पूछताछ जारी



हैं. पुलिस का कहना हैं कि जो भी दोषी होंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मामले कि जाँच कि जा रही हैं जो भी दोसी होगा उस पर शक्त कार्यवाही कि जाएगी। अभी सांदिग्धो से पूछताछ जारी हैं।

### इनका कहना है-

रोज कि तरह मंदिर जा रहा था तभी मुझे गांव के लोगो ने जानकरी दी कि तुम्हारा भाई वहा पड़ा हैं ज़ब मोके पर जाकर देखा तो वह मृत्य हो चूका था।

**- इंद्रपाल लोधी, मृतक का भाई**

## शिकारपुरा वॉटर प्लांट में घुसकर रात्रि के समय मारपीट करने वाले दो आरोपी पहुंचे जेल



**पवई। थाना क्षेत्र के ग्राम शिकारपुरा में निर्माणाधीन वॉटर प्लांट में काम कर रहे कर्मचारियों के साथ रात्रि के समय मारपीट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।**

पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी प्रदीप प्रजापति पिता बिहारीलाल प्रजापति, उम्र 32 वर्ष, निवासी टिकरिया ने थाना शाहनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शिकारपुरा स्थित यूटीआईपीएन कंपनी में ड्राइवरी का कार्य करता है। दिनांक 20 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने साथी प्रदीपराम के साथ कैंप में बैठा था, तभी करीब 7 व्यक्ति वहां पहुंचे, जिनमें 6 ने अपने चेहरे तौलिए से ढंके हुए थे और एक ने तौलिया नहीं बाँधी थी। चेहरा खुले व्यक्ति ने खुद को अभय सिंह बुदेना निवासी शिकारपुरा बताया और कर्मचारियों से पूछा कि तुम कौन हो और तुम्हारा सेठ रमन शर्मा कहां हैं। आरोपी अभय ने शराब पीने के लिए 10,000 रुपये की मांग की और इंकार करने पर फरियादी को अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर आरोपी ने डंडे से प्रदीप प्रजापति पर हमला किया, जिससे उसके बाएं हाथ की कलाई और दाहिने हाथ में चोटें आईं। हमले के दौरान अन्य 6 आरोपी भी गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। साथी प्रदीपराम को भी बुरी तरह पीटा गया। शोर-शराबा सुनकर अन्य लोगों के आने पर आरोपी मौके से फरार हो गए और जाते-जाते जान से मारने की धमकी देकर गए थे. जिसके पश्चात पवई थाना प्रभारी द्वारा अभय बुंदेला एवं अन्य 6 के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिसके पश्चात लगातार पुलिस आरोपियों के सन्धिग्ध स्थानों पर दबिश दें रही थी। जिसके पश्चात पवई पुलिस को 2 आरोपी पकड़ में आये जिसमे अभय बुंदेला निवासी शिकारपुरा एवं समुद्र बागरी निवासी करही रोड है। पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पन्ना न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। वही पवई पुलिस को अन्य 5 आरोपियों कि तलाश जारी है।

## स्मार्ट मीटर मानमाने भार के देवकों से आमजनता परेशान-आनंद शुक्ला

**देवेन्द्रनगर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवेन्द्रगनर के अध्यक्ष आंनद शुक्ला ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश सरकार जो जनता की हितौशी बनती है जिसके द्वारा कम्पनी को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से पुराने मीटरों की जगह स्मार्ट मीटर लगा रही है। जिनके गुणदोषों को आंकलन किये बिना जबरन उपभोक्ताओं के घरों में मीटर लगा रही है। जबकि लगाने के पहले टेक्निकल कमेटी बनाई गई थी। कमेटी को देखना था कि हमारे मीटर में दोष क्या है। उसमें गुणवत्ता क्या है? दोष पाये जाने पर कार्यवाही की जानी थी। जांच के दौरान स्मार्ट मीटर में काफी गड़बड़िया पाई गई। लेकिन इसे देश के जनता के घरों में स्मार्ट मीटर जबरन लगा दिये गये। आम जनता की यह हालात के पूरे प्रदेश का उपभोक्ता परेशान है।



निजके घरो में पहले 100 से 200 रूपये के बिल आते थे आज 1500 से 2000 के भारी भरकम बिल आ रहे है। घर में जितनी खपत नहीं है उससे कई गुना ज्यादा बिल दिये जा रहे है। प्रदेश का गरीब किसान मजदूर सभी इस सरकार के जबरन स्मार्ट मीटर लगाये जाने से परेशान है। पूरे प्रदेश में आम उपभोक्ता सड़कों में उतरकर इसका विरोध कर रहा है। लेकिन मूकदर्शक बनी सरकार सुनने को तैयार नहीं है। सरकार तो मीटर वाली कम्पनियों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है। उसके प्रदेश की जनता से कोई लेना देना नहीं है। यदि सरकार संवेदनशील होती तो प्रदेश की जनता जब इस व्यवस्था में पिस रही है। तो मीटर की जांच करवाकर कार्यवाही क्यों नहीं होती। सरकार की व्यवस्था से जनाक्रोश भड़क रहा है। जोकि बृहद आंदोलन से इंकार नहीं किया जा सकता। आम चुनाव में इसकी झलक देखने को मिलेगी। जनता कितनी परेशान है यह तो सरकार के समझ में आ रहा है न की पार्टी के नेताओं की इसकी परवाह है। क्योंकि स्मार्ट मीटरों को लेकर जनता ने इस व्यवस्था के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

## विकासखंड शाहनगर के लमतरा उप स्वास्थ्य केंद्र में लटका मिला ताला



**शाहनगर।** उप स्वास्थ्य केंद्र लमतरा में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए सरकार लागातार नए नए प्रयास कर रही है लेकिन ग्राम पंचायत लमतरा में स्वास्थ्य कर्मचारियों की मनमानी के चलते उप स्वास्थ्य केंद्र निष्क्रिय अवस्था में पड़ा हुआ है मध्य प्रदेश सरकार लागातार मातृ मृत्यु दर को कम करने का हर संभव प्रयास कर रही है और योजनाओं के जरिए करोड़ो अरबों रुपए बहा रही है फिर भी निचले स्तर तक शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है जिससे ग्रामीण इलाज के लिए इधर उधर भटकते रहते हैं शासन प्रशासन की सजगता की कमी के चलते भी क्षेत्र के कई कर्मचारी घर बैठे शासकीय वेतन का लाभ ले रहे हैं।

## शासकीय माध्यमिक विद्यालय नुनागर में नहीं है बुनियादी सुविधाएं





**शाहनगर।** विकासखण्ड शाहनगर के शासकीय माध्यमिक विद्यालय नुनागर में जर्जर हो चुकी स्कूल की छत जिससे विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है यहां की छत पूर्णतः जर्जर हो चुकी है जिससे कभी भी भवन की छत गिरने का भय बना रहता है प्रधानाध्यापक श्री लल्लू सिंह जी ने बातचीत के दौरान बताया की विद्यालय के दो कमरे पूर्णतः जर्जर अवस्था में है जोखिम को देखते हुए इन्हें अस्थाई रूप से बंद करा दिया गया है जिससे बच्चो की कक्षाएं बाहर खुले में और बरामदे में संचालित करनी पड़ रही है और बारिश के दौरान कक्षाएं संचालित नहीं हो पाती है जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई में समस्या आ रही है प्रधानाध्यापक के द्वारा आवेदन के माध्यम से दो माह पूर्व जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी को दी गई थी जिसका निराकरण आज तक नहीं हो पाया है स्कूल में न ही बाथरूम की व्यवस्था है और न ही शौचालय जिससे बच्चे और शिक्षक दोनो ही परेशान है। गौरतलब बात यह है कि जहां शिक्षा विभाग को संवेदनशीलता के साथ ऐसे विद्यालयों की मॉनीटरिंग करने के दौरान हालात पर गौर करना क्या उचित नहीं समझा जा रहा। या फिर मॉनीटरिंग करने ही जिम्मेदार इस विद्यालय तक नहीं पहुंच पाये। जिस तरह से राजस्थान में विद्यालय की छत गिरने से हादसा हुआ क्या हम उससे सबक नहीं ले सकते ताकि हमारे जिले में छतिग्रस्त हालात जो विद्यालयों में प्रमुखतौर पर नजर आती है वहीं शिक्षकगण उस हालात को कार्यवाही के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भेजते है फिर भी कार्यवाही आखिर क्यों नहीं। शिक्षा विभाग में कहीं न कहीं ऐसे विद्यालयों का परीक्षण कराते हुए उचित कार्यवाही के माध्यम से मरम्मत कार्यों को अंजाम देना चाहिए ताकि हादसे के पहले सुधार संभव हो सके।

## पन्ना जिले मे नशे से दूरी है ज़रूरी जन-जागरूकता अभियान का भव्य समापन, डी.आई.जी. छतरपुर श्री ललित शाक्यवार की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम



उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर द्वारा अपने संबोधन में मादक पदार्थों के दुष्परिणामों, समाज पर उनके प्रभाव पर विस्तार पूर्वक की गई चर्चा

अभियान के दौरान सक्रिय भूमिका निभाने वाले छात्र-छात्राओं, पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर किया गया सम्मानित



**पन्ना।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संपूर्ण प्रदेश में संचालित 'नशे से दूरी है ज़रूरी' जन-जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कष्ण एस. थोटा के नेतृत्व मे पन्ना जिले में विगत 15 दिवसों से चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों का आज सफल समापन हुआ। इस अवसर पर 'डी.आई.जी. छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार' विशेष रूप से उपस्थित रहे। समापन समारोह में कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, नगर एवं समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य, मीडिया प्रतिनिधि एवं अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले स्कूली छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### डी.आई.जी. छतरपुर द्वारा प्रेरक उद्बोधन-

मुख्य अतिथि डी.आई.जी. छतरपुर श्री ललित शाक्यवार ने अपने संबोधन में मादक पदार्थों के दुष्परिणामों, समाज पर उनके प्रभाव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की एवं पुलिस हेल्पलाइन नम्बर, नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने नशा एक सामाजिक बुराई बताते हुए युवाओं से इसके विरुद्ध खड़े होने की अपील की। समापन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। यह क्षण प्रेरणादायक और संदेशप्रद रहा, जिसमें युवाओं एवं नागरिकों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

### 15 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम की झलकियाँ-

समापन के पूर्व पन्ना पुलिस द्वारा पूरे जिले में जन-जागरूकता की दृष्टि से अनेक प्रभावशाली गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें शामिल हैं। नुक्कड़ नाटक प्रस्तुतियों द्वारा आमजन को नशे के खिलाफ संदेश दिया गया। साइकिल रैली एवं जागरूकता पदयात्राओं के माध्यम से जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया गया। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्लोगन लेखन, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताएँ आयोजित कर विद्यार्थियों को अभियान से जोड़ा गया। शासकीय व अशासकीय संस्थानों, रिक्शा-वाहनों, एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता पंपलेट चिपकाए गए। चौराहों, ग्रामीण अंचलों एवं बाजार क्षेत्रों में जाकर जनसंवाद स्थापित किया गया। पन्ना पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्मों एवं इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के माध्यम से भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, जिससे जागरूकता का संदेश जिले के कोने-कोने तक पहुँचा।

### सम्मान समारोह-

अभियान के दौरान सक्रिय भूमिका निभाने वाले छात्र-छात्राओं, पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

## नागपंचमी महोत्सव पर प्रतिभाओं का सम्मान, नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पन्ना।** नागपंचमी पर्व के पावन अवसर पर नागवंशी संगठन के तत्वावधान में हनुमान मंदिर प्रांगण, गंज में एक भव्य नागपंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, नव-नियुक्त अधिकारियों एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित प्रेक्षा पाठक (मगरैला), तहसीलदार पद पर चयनित अजीत मिश्रा (मंधा) एवं अटल बिहारी वर्मा (पटना तमोली) के परिजनों को प्रतीक स्वरूप श्रीफल, सॉल, मेडल व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। शिक्षा क्षेत्र में 10 वीं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं नीट परीक्षा में चयनित अतुल चौरसिया (पटना तमोली) एवं संजना चौरसिया (नयागांव) का सम्मान किया गया। जनप्रतिनिधियों में होशियार सिंह मरावी (सरपंच, ग्राम पंचायत घुटेही) एवं अध्यात्म क्षेत्र में स्वामी अमृतांजलि नाथ को सम्मानित किया गया। सलेहा पुलिस द्वारा "नशा से दूरी है जरूरी" अभियान के अंतर्गत युवाओं को नशा मुक्ति एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी शिक्षक सीताराम प्रजापति उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता ओम प्रकाश चौरसिया ने की। कार्यक्रम में दहेज प्रथा, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जनजागरूकता फैलाई गई। वक्ताओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता पर विचार व्यक्त करते हुए सभी समुदायों को एकजुट रहने का संदेश दिया। समारोह में नागवंशी संगठन के संरक्षक संतोष दादा चौरसिया, रुद्र प्रताप सिंह, सुधांशु अरजरिया, स्वामी अमृतांजलि नाथ, राकेश मिश्रा (मंधा) कैलाश प्रसाद वर्मा (पटना तमोली), पद्मपाणि गर्ग (संचालक, नीम करोली हाई स्कूल, सलेहा), रामाधार चौरसिया (शिक्षक),विक्रांत चौरसिया अध्यक्ष, युवा नागवंशी संगठन, अखिलेश चौरसिया , सतेंद्र सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं शिक्षकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय चौरसिया द्वारा किया गया। अंत में युवा नागवंशी संगठन ने सभी आगंतुकों, वरिष्ठजनों, अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए नागपंचमी पर्व की शुभकामनाएँ दीं।

## अवैध शराब की बिक्री से ग्रामवासी परेशान, सरपंच गहादरा के साथ ग्रामीणों ने सोपा ज्ञापन

लगातार खुल रहे ढाबे और बिक रही अवैध शराब

**अमानगंज निप्र--** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थानाक्षेत्र के जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री का दौर इन दिनों काफी तेज बताया जा रहा है जिसको लेकर ग्रामीण अच्छे खासे हैरान और परेशान देखे जा रहे हैं अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम गहादरा से गांव का सरपंच और भारी संख्या में गांव की जनता पुलिस थाना अमानगंज पहुंची और थाना प्रभारी को अवैध शराब की बिक्री रोकने हेतु



पंचायत की ओर से अपना निवेदन पत्र दिया जिसमें उसने उल्लेख किया कि ग्राम में लगातार नयें नये ढाबे खुल रहे हैं जिनके माध्यम से अवैध शराब की बिक्री गांव पर तेजी से हो रही है अवैध शराब की बिक्री होने से गांव में अशांति फैली हुई है और निरंतर आपस में लोग झगड़ा करते देखे जा रहे हैं समय से यदि अगर अवैध शराब की बिक्री पर रोक नहीं लगाई गई तो कोई बड़ा अपराध गांव में हो सकता है सरपंच ने अपने पत्र के साथ एक पंचनामा कार्यवाही का पत्र पुलिस थाना अमानगंज मे थाना प्रभारी के नाम सोपा है

## ग्राम विकास फ्रेश्फुटन समिति झगरा के द्वारा जन अभियान परिषद की नेतृत्व में किया वृहद पौधा रोपण

नवा कुवर सखी हरियाली यात्रा अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक अनिता जाटव के मार्गदर्शन में पूरे जिले में वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है इसी कड़ी में गनौर के ब्लाक समन्वयक जगदीश सिंह एवं अमानगंज सेक्टर समन्वयक अनिल शर्मा के नेतृत्व में नवाकुवर सखी हरियाली यात्रा के तहत ग्राम विकास फ्रेश्फुटन समिति झगरा द्वारा जन अभियान परिषद के नेतृत्व में बुधवार को शाम 4:00 बजे झगरा ग्राम पहुंचकर बृहद पौधा रोपण किया इस दौरान ग्राम की महिलाओं सहित ग्राम के लोगों ने सहभागिता की और भारी मात्रा में पौधा रोपण किया हम आपको बता दें कि जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर द्वारा लगातार लोगों से पौधारोपण करने के लेकर आग्रह किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद कंधे से कंधा मिलाकर इस अभियान को सार्थक बना रहा है

## अपराध और अपराधियों से सतर्क रहने की पुलिस ने छात्र-छात्राओं को दी जानकारी

### नशा मुक्ति अभियान के संबंध में किया जागरूक



**अमानगंज- निप्र-** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना प्रभारी श्रीमती माधवी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में आज पुलिस थाना अमानगंज से सहायक उप निरीक्षक बुद्धि लाल कोल और मानव अधिकार आयोग से एक प्रवक्ता नगर की प्रमुख शैक्षणिक संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे और एक विशेष कार्यशाला का आयोजन छात्र-छात्राओं के बीच किया। जहां अपराध और अपराधियों के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह से इस उम्र में छात्र-छात्राओं को गुमराह करके अपराध की ओर आदतन अपराधी ले जाता है। कहीं नशे से प्रभावित करता है, तो कहीं अगवा करके बाहर भगा ले जाता है हमें इन सब बातों से सावधान रहना होता है क्योंकि यह उम्र हमारी जिंदगी की बहुत ही महत्वपूर्ण उम्र होती है और इसी जिंदगी के मोड पर हम अपना लक्ष्य बनाकर उसे तय करने का प्रयास करते हैं। इस आयोजन में विद्यालय के प्रचार्य राजेश मिश्रा और कार्यक्रम के संचालक राजेंद्र अग्रवाल, मोनू पाठक सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-39 पर करारागंज एवं गढ़ा तिराहे को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु अंडरपास निर्माण कार्य प्रगति पर

छतरपुर। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-39 झांसी-खजुराहो परियोजना के अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस मार्ग पर स्थित ग्राम करारागंज तिराहा एवं बागेश्वर धाम (गढ़ा) तिराहा, विगत समय से लगातार दुर्घटनाओं की घटनाओं के चलते भारत सरकार द्वारा ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किए गए थे। दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं इन स्थानों को ब्लैक स्पॉट की श्रेणी से हटाने हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार इन दोनों स्थानों पर वाहन अंडरपास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। प्राधिकरण द्वारा गढ़ा तिराहा पर वाहन अंडरपास निर्माण हेतु ठेकेदार की नियुक्ति की जा चुकी है, जिसकी कुल लागत 28.90 करोड़ है। निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और तीव्र गति से कार्य प्रगति पर है। वहीं, करारागंज तिराहा पर 18.55 करोड़ की लागत से वाहन अंडरपास का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इन दोनों स्थानों पर अंडरपास निर्माण के उपरांत भविष्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में व्यापक कमी आने की संभावना है, जिससे राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी तथा यातायात व्यवस्था और अधिक सुरक्षित होगी।

### मोबाइल चोर को भीड़ ने सरेआम पीटा, पुलिस को सौंपा

छतरपुर। शहर के चौक बाजार इलाके में मंगलवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब लोगों ने एक युवक को मोबाइल चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी की पहचान राममिलन मिश्रा निवासी गौर गांव के रूप में हुई है, जो उस समय नशे की हालत में था। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाग पंचमी के अवसर पर कुशवाहा समाज के लोग बागेश्वर धाम दर्शन के लिए गए थे, जहां एक व्यक्ति का मोबाइल चोरी हो गया। बाद में जब उस मोबाइल पर कॉल किया गया तो कॉल राममिलन मिश्रा ने रिसीव की और खुद के छतरपुर में होने की बात कही। इसके बाद समाज के कुछ सदस्य चौक बाजार पहुंचे, जहां आरोपी को मोबाइल के साथ पकड़ लिया गया। आरोपी द्वारा गाली-गलौज करने और मोबाइल वापस न देने पर नाराज लोगों ने सरेआम उसकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी। मारपीट के बाद उसे सिटी कोतवाली पुलिस थाने ले जाया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस पूरी घटना का वीडियो भी मौके पर मौजूद लोगों ने बनाया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस मामले में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि आरोपी गौर गांव का रहने वाला राममिलन मिश्रा है, जो नशे की हालत में था। दूसरी ओर, मोबाइल के मालिक कुशवाहा समाज से जुड़े हैं।

### एक माह से अंधेरे में डूबा देवकुलिया गांव



छतरपुर (राजनगर)। राजनगर तहसील के ग्राम देवकुलिया के निवासी बीते एक माह से घोर अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर हैं। गांव की डीपी करीब एक माह पूर्व खराब हो गई थी, जिसे बड़ी मशक्कत के बाद हटाया गया, लेकिन आज तक नई डीपी स्थापित नहीं की गई है। नतीजन, गांव की बिजली सप्लाई पूरी तरह ठप है। गांव के चक्की संचालक जगदीश पटेल ने बताया कि वह अपनी चक्की से पूरे गांव के लिए गेहूं पीसकर आटा तैयार करता है, लेकिन बिजली न होने से अब चक्की बंद है। इससे ग्रामीणों को आटा पिसवाने के लिए दूसरे गांवों का रुख करना पड़ रहा है। अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में बिजली न होने से रात के समय गांव अंधेरे में डूबा रहता है, जिससे सांप-बिच्छुओं का डर हमेशा बना रहता है। वहीं, मच्छरों के प्रकोप के चलते लोग मलेरिया जैसी बीमारियों की चपेट में आने के खतरे से डरे हुए हैं। गांव के बस स्टैंड क्षेत्र के निवासी जगदीश पटेल ने जनसुनवाई पोर्टल, एसडीएम कार्यालय, बिजली विभाग और मुख्यमंत्री ऑनलाइन पोर्टल तक दर्जनों शिकायतें दर्ज करवाई हैं, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### खजुराहो सांसद ने की रेल मंत्री से मुलाकात

छतरपुर। खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं के विस्तार को लेकर अहम चर्चा की। इस मुलाकात से क्षेत्र में रेल विकास की नई संभावनाएं खुलने की उम्मीद बढ़ी है। सांसद शर्मा ने बताया कि उन्होंने रेल मंत्री से खजुराहो से खैराड़ा जंक्शन तक नई रेलवे लाइन बिछाने का आग्रह किया है, जिससे लवकुशनगर और चंदला विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने में मदद मिलेगी। साथ ही, कटनी में रेलवे वॉशिंग पिट की स्थापना और डीआरएम उप-कार्यालय खोलने की मांग भी की।

# कियोस्क संचालक द्वारा 12 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार



पठापुर रोड स्थित एसबीआई कियोस्क संचालक द्वारा आम लोगों से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बीते दिनों करीब 12 से 14 पीड़ितों ने शिकायत दर्ज कराई थी।

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

सभी पीड़ितों ने बताया कि वे अपने पैसे एसबीआई कियोस्क संचालक अरविंद रैकवार के पास जमा कर रहे थे, लेकिन उनके पैसे बैंक में जमा न होकर संचालक के पास ही रह गए।

सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी अरविंद रैकवार ने लोगों को पैसे डिपॉजिट और विथड्रॉल कराने के नाम पर गुमराह किया और रकम का उपयोग अपने निजी हित में कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संचालक ने करीब 10 से 12 लाख रुपये का गबन किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके कियोस्क से कंप्यूटर और अन्य सामग्री भी जब्त की गई है। फिलहाल पुलिस आरोपी की फंड ट्रांजेक्शन चैन को ट्रैक कर रही है ताकि और जानकारी जुटाई जा सके।

## छतरपुर में बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार तीन बाइक बरामद

**छतरपुर**। नगर में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र से दो और मकरोनिया (सागर) से एक बाइक चोरी की गई थी।

इस मामले में पहले आरोपी इंद्रजीत की गिरफ्तारी हो चुकी थी। वहीं अब आरोपी संदीप सिंह लोधी पिता जय सिंह लोधी (उम्र 25 वर्ष), निवासी ग्राम खिरिया, थाना पथरिया, जिला दमोह को पकड़ा गया है। उसके कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी चोरी की बाइकें खरीदकर उन्हें आगे बेचते थे।



# छतरपुर में नशे से दूरी है जरूरी अभियान का समापन, पुलिस द्वारा भव्य बाइक रैली का आयोजन



छतरपुर।

नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरूकता अभियान के समापन अवसर पर आज छतरपुर पुलिस द्वारा नगर में एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर शहरभर में भ्रमण करते हुए यह रैली पुनः पुलिस लाइन में संपन्न हुई। रैली का नेतृत्व छतरपुर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक ललित शाक्यवार, पुलिस अधीक्षक अगम जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता द्वारा किया गया।

इस रैली में पुलिस विभाग के सभी अनुविभागीय अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी, ट्रैफिक वार्डन, स्वास्थ्य, अभियोजन, शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सहित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि, विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं, मीडिया प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने एवं समाज को जागरूक करने की शपथ भी ली।

ज्ञात हो कि पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक जिलेभर में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत रैलियाँ, मानव श्रृंखलाएँ, जनसंवाद, रंगोली, चित्रकला, निबंध लेखन जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएँ एवं नुक्कड़ नाटक जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जनजागरूकता के लिए सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया, बैनर, पंपलेट, शॉर्ट फिल्म एवं लोक कलाकारों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। जिले के कारखानों व कार्यालयों में विशेष सत्र आयोजित कर कर्मचारियों को नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। नशे को कहें ना हस्ताक्षर अभियान के तहत हजारों लोगों ने हस्ताक्षर कर मादक पदार्थों से दूर रहने का संकल्प लिया। इस अभियान के माध्यम से जिलेवासियों ने यह दृढ़ निश्चय किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहकर अपने परिवार और समाज को भी इसके दुष्परिणामों से बचाएंगे तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करेंगे।

# ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत दो नाबालिग बच्चे ट्रेन से रेस्क्यू, सीडब्ल्यूसी को सौंपा गया

खजुराहो।

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते अभियान के तहत खजुराहो रेलवे स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। दादर से बलिया जा रही गाड़ी संख्या 01025 (दादर-बलिया एक्सप्रेस) के जनरल कोच से दो नाबालिग बच्चों को संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया।

खजुराहो स्टेशन पर ट्रेन के आगमन के दौरान कांस्टेबल श्यामवीर सिंह एवं कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह द्वारा चेकिंग के दौरान एक 16 वर्षीय बालक और 14 वर्षीय बालिका संदिग्ध स्थिति में पाए गए। मामले की जानकारी निरीक्षक ज्ञानचंद्र को दी गई, जिनके निर्देशन में दोनों बच्चों को ट्रेन से उतारकर रेलवे स्टेशन पर सहानुभूतिपूर्वक पूछताछ की गई। पूछताछ में बालक ने अपना नाम संजय सिंह (काल्पनिक), पुत्र अजीत सिंह, निवासी थाना तरवा, जिला आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) बताया, जबकि बालिका ने अपना नाम सुनीता सिंह (काल्पनिक), पुत्री अनुज सिंह, निवासी बोईसर, जिला पालघर (महाराष्ट्र) बताया। दोनों ने बताया कि वे अपने माता-पिता को बिना बताए घर से भागकर आजमगढ़ जा रहे थे।



बच्चों को रेलवे थाने लाकर भोजन उपलब्ध कराया गया और तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही शाम 4:40 बजे महिला एवं बाल विकास विभाग छतरपुर से बाल संरक्षण अधिकारी सुनील रजक, महेश चढ़ार, तथा एसजेपीयू छतरपुर से महिला कांस्टेबल क्रांति अहिरवार पुलिस ऑफिस पहुंचे। दोनों बच्चों को सुरक्षा की दृष्टि से राहुल सिंह व अंशिका सिंह के रूप में पहचान सुरक्षित रखते हुए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु सुपुर्द किया गया। बताया गया कि इस मामले में थाना बोईसर, मुंबई (महाराष्ट्र) में एफआईआर दर्ज है तथा संबंधित थाने के विवेचक को भी सूचना प्रेषित कर दी गई है।



# हरियाली तीज पर लीनेश उड़ान क्लब की महिला टीम ने किया समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल का सम्मान

### संकट मोचन मंदिर में हुआ सुंदरकांड, भजन संध्या और पूजन कार्यक्रम

छतरपुर।

हरियाली तीज के पावन अवसर पर लीनेश उड़ान क्लब की महिला टीम द्वारा विशेष आयोजन किया गया। क्लब की अध्यक्ष धीरज मिश्रा के नेतृत्व में संकट मोचन मंदिर में नर्मदेश्वर भगवान की आरती, पूजा एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया। कार्यक्रम में भजन संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्ति संगीत की मधुर प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर मेहंदी, चूड़ी एवं सुहाग सिंगर कार्यक्रमों ने भी माहौल को भक्तिमय और पारंपरिक बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल को उनके द्वारा समाज एवं सनातन धर्म के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही भजन गायिका नीलम तिवारी को भी उनकी सांगीतिक सेवा के लिए सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस आयोजन में क्लब की अध्यक्ष धीरज मिश्रा, रश्मि चौरसिया, जगजीत कौर, बलजीत कौर, उर्मिला अहिरवार, भावना नगरिया, उषा तिवारी, किरण मिश्रा एवं नीलम तिवारी सहित अनेक महिलाएं शामिल रहीं।

# आकाशवाणी तिराहे पर ग्रामीणों का चक्काजाम

## मवेशियों की चोरी से नाराज़ लोग उतरे सड़कों पर





### रीवा-ग्वालियर और सागर-कानपुर हाईवे रहा करीब पौन घंटे बंद

छतरपुर।

शहर के आकाशवाणी तिराहे पर बुधवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने मवेशियों की लगातार हो रही चोरी और पुलिस की निषक्रियता के विरोध में चक्काजाम कर दिया। दोपहर करीब 1 बजे शुरू हुआ यह प्रदर्शन लगभग पौन घंटे तक चला, जिससे रीवा-ग्वालियर और सागर-कानपुर हाईवे पर आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। प्रदर्शनकारियों में सिविल लाइन थाना क्षेत्र और सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल रहे। ट्रैक्टरों के साथ ग्रामीण एसपी ऑफिस तक पहुंचे और फिर आकाशवाणी तिराहे पर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए सड़क को जाम कर दिया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कांटी, बरकौहां, गंगायच, बसाटा, कदारी, श्यामरी, सिमरिया, कर्री सहित आसपास के कई गांवों में मवेशियों की चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चोर उनके घरों से बंधे हुए मवेशियों तक को उठा ले जा रहे हैं, लेकिन पुलिस इन घटनाओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। प्रदर्शन में मौजूद ग्रामीण मनोज, संतोष पाल, अभिनव मिश्रा, जाहर सिंह यादव आदि ने बताया कि उन्होंने कई बार थाना स्तर पर शिकायत की, लेकिन न रिपोर्ट दर्ज की गई और न ही अब तक कोई गिरफ्तारी हो पाई है।

### पुलिस ने दिया आश्वासन, जल्द होगी कार्रवाई

मौके पर पहुंचे सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और उन्हें आश्वस्त किया कि जिन मामलों की शिकायत दर्ज नहीं हुई है, उन्हें भी गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ चोरी की घटनाएं रजिस्टर्ड हैं और कुछ नहीं की गईं, लेकिन पुलिस सभी मामलों की जांच कर जल्द कार्रवाई करेगी। सीएसपी ने यह भी कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि कोई भी केस अनसुलझा न रहे। पशुधन की बरामदगी के लिए हरसंभव कोशिश की जाएगी। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया।

# कांग्रेस का धरना प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

छतरपुर।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी छतरपुर द्वारा स्थानीय मुद्दों और प्रदेश की समस्याओं को लेकर 12 सूत्रीय मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। धरने की अगुवाई कर रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष महाप्रसाद पटेल ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और सरकार किसानों को आवश्यक खाद मुहैया कराने में असफल साबित हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द इन मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया तो कांग्रेस व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगी। पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में है,



जिसके लिए मौजूदा सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही "बिजली लूट" का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार आमजन से खुलेआम वसूली कर रही है, लेकिन कोई जवाबदेही तय नहीं की जा रही। चतुर्वेदी ने प्रशासन के तानाशाही रवैये की भी निंदा की और कहा कि कांग्रेस जनता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार और अपराध की स्थिति इतनी भयावह नहीं थी, जितनी कि वर्तमान भाजपा सरकार में हो गई है। धरना प्रदर्शन के दौरान राजनगर के पूर्व विधायक विक्रम सिंह नाती राजा, अनीस खान, कार्यक्रम प्रभारी अशोक मिश्रा, अदित सिंह, दीप्ती पाण्डेय, संतोष तिवारी, नरेन्द्र दीक्षित, अरविंद गोस्वामी, हनीफ, स्मिता खरे, धीरज मिश्रा, मंजू शर्मा, प्रियंका अग्रवाल, सरमनलाल मिश्रा, सूर्यप्रताप सिंह, अवधेश सोनकिया, सियाराम रावत, राजवर्धन मिश्रा, कपिल रिछारिया, दीपांशु यादव, देवेन्द्र अरजरिया, विनोद पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# किऑस्क संचालक द्वारा 12 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार



पटापुर रोड स्थित एसबीआई कियोस्क संचालक द्वारा आम लोगों से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बीते दिनों करीब 12 से 14 पीड़ितों ने शिकायत दर्ज कराई थी।

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

सभी पीड़ितों ने बताया कि वे अपने पैसे एसबीआई कियोस्क संचालक अरविंद रैकवार के पास जमा कर रहे थे, लेकिन उनके पैसे बैंक में जमा न होकर संचालक के पास ही रह गए।

सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी अरविंद रैकवार ने लोगों को पैसे डिपॉजिट और विथड्रॉल कराने के नाम पर गुमराह किया और रकम का उपयोग अपने निजी हित में कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संचालक ने करीब 10 से 12 लाख रुपये का गबन किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके कियोस्क से कंप्यूटर और अन्य सामग्री भी जब्त की गई है। फिलहाल पुलिस आरोपी की फंड ट्रांजेक्शन चैन को ट्रैक कर रही है ताकि और जानकारी जुटाई जा सके।

## छतरपुर में बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार तीन बाइक बरामद

**छतरपुर।** नगर में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र से दो और मकरोनिया (सागर) से एक बाइक चोरी की गई थी।

इस मामले में पहले आरोपी इंद्रजीत की गिरफ्तारी हो चुकी थी। वहीं अब आरोपी संदीप सिंह लोधी पिता जय सिंह लोधी (उम्र 25 वर्ष), निवासी ग्राम खिरिया, थाना पथरिया, जिला दमोह को पकड़ा गया है। उसके कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी चोरी की बाइकें खरीदकर उन्हें आगे बेचते थे।



## छतरपुर में नशे से दूरी है जरूरी अभियान का समापन, पुलिस द्वारा भव्य बाइक रैली का आयोजन



छतरपुर।

नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरूकता अभियान के समापन अवसर पर आज छतरपुर पुलिस द्वारा नगर में एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर शहरभर में भ्रमण करते हुए यह रैली पुनः पुलिस लाइन में संपन्न हुई। रैली का नेतृत्व छतरपुर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक ललित शाक्यवार, पुलिस अधीक्षक अगम जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता द्वारा किया गया।

इस रैली में पुलिस विभाग के सभी अनुविभागीय अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी, ट्रैफिक वार्डन, स्वास्थ्य, अभियोजन, शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सहित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि, विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं, मीडिया प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने एवं समाज को जागरूक करने की शपथ भी ली।

ज्ञात हो कि पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक जिलेभर में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत रैलियाँ, मानव श्रृंखलाएँ, जनसंवाद, रंगोली, चित्रकला, निबंध लेखन जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएँ एवं नुक्कड़ नाटक जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जनजागरूकता के लिए सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया, बैनर, पंपलेट, शॉर्ट फिल्म एवं लोक कलाकारों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। जिले के कारखानों व कार्यालयों में विशेष सत्र आयोजित कर कर्मचारियों को नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। नशे को कहें ना हस्ताक्षर अभियान के तहत हजारों लोगों ने हस्ताक्षर कर मादक पदार्थों से दूर रहने का संकल्प लिया। इस अभियान के माध्यम से जिलेवासियों ने यह दृढ़ निश्चय किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहकर अपने परिवार और समाज को भी इसके दुष्परिणामों से बचाएंगे तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करेंगे।

## ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत दो नाबालिग बच्चे ट्रेन से रेस्क्यू, सीडब्ल्यूसी को सौंपा गया

खजुराहो।

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते अभियान के तहत खजुराहो रेलवे स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। दादर से बलिया जा रही गाड़ी संख्या 01025 (दादर-बलिया एक्सप्रेस) के जनरल कोच से दो नाबालिग बच्चों को संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया।

खजुराहो स्टेशन पर ट्रेन के आगमन के दौरान कांस्टेबल श्यामवीर सिंह एवं कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह द्वारा चेकिंग के दौरान एक 16 वर्षीय बालक और 14 वर्षीय बालिका संदिग्ध स्थिति में पाए गए। मामले की जानकारी निरीक्षक ज्ञानचंद्र को दी गई, जिनके निर्देशन में दोनों बच्चों को ट्रेन से उतारकर रेलवे स्टेशन पर सहानुभूतिपूर्वक पूछताछ की गई। पूछताछ में बालक ने अपना नाम संजय सिंह (काल्पनिक), पुत्र अजीत सिंह, निवासी थाना तरवा, जिला आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) बताया, जबकि बालिका ने अपना नाम सुनीता सिंह (काल्पनिक), पुत्री अनुज सिंह, निवासी बोईसर, जिला पालघर (महाराष्ट्र) बताया। दोनों ने बताया कि वे अपने माता-पिता को बिना बताए घर से भागकर आजमगढ़ जा रहे थे।



बच्चों को रेलवे थाने लाकर भोजन उपलब्ध कराया गया और तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही शाम 4:40 बजे महिला एवं बाल विकास विभाग छतरपुर से बाल संरक्षण अधिकारी सुनील रजक, महेश चढ़ार, तथा एसजेपीयू छतरपुर से महिला कांस्टेबल क्रांति अहिरवार पुलिस ऑफिस पहुंचे। दोनों बच्चों को सुरक्षा की दृष्टि से राहुल सिंह व अंशिका सिंह के रूप में पहचान सुरक्षित रखते हुए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु सुपुर्द किया गया। बताया गया कि इस मामले में थाना बोईसर, मुंबई (महाराष्ट्र) में एफआईआर दर्ज है तथा संबंधित थाने के विवेचक को भी सूचना प्रेषित कर दी गई है।



## हरियाली तीज पर लीनेश उड़ान क्लब की महिला टीम ने किया समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल का सम्मान

### संकट मोचन मंदिर में हुआ सुंदरकांड, भजन संध्या और पूजन कार्यक्रम

छतरपुर।

हरियाली तीज के पावन अवसर पर लीनेश उड़ान क्लब की महिला टीम द्वारा विशेष आयोजन किया गया। क्लब की अध्यक्ष धीरज मिश्रा के नेतृत्व में संकट मोचन मंदिर में नर्मदेश्वर भगवान की आरती, पूजा एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया। कार्यक्रम में भजन संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्ति संगीत की मधुर प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर मेहंदी, चूड़ी एवं सुहाग सिंगर कार्यक्रमों ने भी माहौल को भक्तिमय और पारंपरिक बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल को उनके द्वारा समाज एवं सनातन धर्म के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही भजन गायिका नीलम तिवारी को भी उनकी सांगीतिक सेवा के लिए सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस आयोजन में क्लब की अध्यक्ष धीरज मिश्रा, रश्मि चौरसिया, जगजीत कौर, बलजीत कौर, उर्मिला अहिरवार, भावना नगरिया, उषा तिवारी, किरण मिश्रा एवं नीलम तिवारी सहित अनेक महिलाएं शामिल रहीं।

## आकाशवाणी तिराहे पर ग्रामीणों का चक्काजाम
## मवेशियों की चोरी से नाराज़ लोग उतरे सड़कों पर





### रीवा-ग्वालियर और सागर-कानपुर हाईवे रहा करीब पौन घंटे बंद

छतरपुर।

शहर के आकाशवाणी तिराहे पर बुधवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने मवेशियों की लगातार हो रही चोरी और पुलिस की निष्क्रियता के विरोध में चक्काजाम कर दिया। दोपहर करीब 1 बजे शुरू हुआ यह प्रदर्शन लगभग पौन घंटे तक चला, जिससे रीवा-ग्वालियर और सागर-कानपुर हाईवे पर आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। प्रदर्शनकारियों में सिविल लाइन थाना क्षेत्र और सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल रहे। ट्रैक्टरों के साथ ग्रामीण एसपी ऑफिस तक पहुंचे और फिर आकाशवाणी तिराहे पर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए सड़क को जाम कर दिया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कांटी, बरकौहां, गंगायच, बसाटा, कदारी, श्यामरी, सिमरिया, कर्री सहित आसपास के कई गांवों में मवेशियों की चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चोर उनके घरों से बंधे हुए मवेशियों तक को उठा ले जा रहे हैं, लेकिन पुलिस इन घटनाओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। प्रदर्शन में मौजूद ग्रामीण मनोज, संतोष पाल, अभिनव मिश्रा, जाहर सिंह यादव आदि ने बताया कि उन्होंने कई बार थाना स्तर पर शिकायत की, लेकिन न रिपोर्ट दर्ज की गई और न ही अब तक कोई गिरफ्तारी हो पाई है।

### पुलिस ने दिया आश्वासन, जल्द होगी कार्रवाई

मौके पर पहुंचे सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और उन्हें आश्वस्त किया कि जिन मामलों की शिकायत दर्ज नहीं हुई है, उन्हें भी गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ चोरी की घटनाएं रजिस्टर्ड हैं और कुछ नहीं की गईं, लेकिन पुलिस सभी मामलों की जांच कर जल्द कार्रवाई करेगी। सीएसपी ने यह भी कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि कोई भी केस अनसुलझा न रहे। पशुधन की बरामदगी के लिए हरसंभव कोशिश की जाएगी। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया।

## कांग्रेस का धरना प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

छतरपुर।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी छतरपुर द्वारा स्थानीय मुद्दों और प्रदेश की समस्याओं को लेकर 12 सूत्रीय मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। धरने की अगुवाई कर रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष महाप्रसाद पटेल ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और सरकार किसानों को आवश्यक खाद मुहैया कराने में असफल साबित हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द इन मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया तो कांग्रेस व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगी। पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में है,



जिसके लिए मौजूदा सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही "बिजली लूट" का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार आमजन से खुलेआम वसूली कर रही है, लेकिन कोई जवाबदेही तय नहीं की जा रही। चतुर्वेदी ने प्रशासन के तानाशाही रवैये की भी निंदा की और कहा कि कांग्रेस जनता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार और अपराध की स्थिति इतनी भयावह नहीं थी, जितनी कि वर्तमान भाजपा सरकार में हो गई है। धरना प्रदर्शन के दौरान राजनगर के पूर्व विधायक विक्रम सिंह नाती राजा, अनीस खान, कार्यक्रम प्रभारी अशोक मिश्रा, अदित सिंह, दीप्ती पाण्डेय, संतोष तिवारी, नरेन्द्र दीक्षित, अरविंद गोस्वामी, हनीफ, स्मिता खरे, धीरज मिश्रा, मंजू शर्मा, प्रियंका अग्रवाल, सरमनलाल मिश्रा, सूर्यप्रताप सिंह, अवधेश सोनकिया, सियाराम रावत, राजवर्धन मिश्रा, कपिल रिछारिया, दीपांशु यादव, देवेन्द्र अरजरिया, विनोद पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-39 पर करारागंज एवं गढ़ा तिराहे को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु अंडरपास निर्माण कार्य प्रगति पर

**छतरपुर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-39 झांसी-खजुराहो परियोजना के अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस मार्ग पर स्थित ग्राम करारागंज तिराहा एवं बागेश्वर धाम (गढ़ा) तिराहा, विगत समय से लगातार दुर्घटनाओं की घटनाओं के चलते भारत सरकार द्वारा ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किए गए थे। दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं इन स्थानों को ब्लैक स्पॉट की श्रेणी से हटाने हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार इन दोनों स्थानों पर वाहन अंडरपास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। प्राधिकरण द्वारा गढ़ा तिराहा पर वाहन अंडरपास निर्माण हेतु ठेकेदार की नियुक्ति की जा चुकी है, जिसकी कुल लागत 28.90 करोड़ है। निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और तीव्र गति से कार्य प्रगति पर है। वहीं, करारागंज तिराहा पर 18.55 करोड़ की लागत से वाहन अंडरपास का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इन दोनों स्थानों पर अंडरपास निर्माण के उपरांत भविष्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में व्यापक कमी आने की संभावना है, जिससे राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी तथा यातायात व्यवस्था और अधिक सुरक्षित होगी।

### मोबाइल चोर को भीड़ ने सरेआम पीटा, पुलिस को सौंपा

**छतरपुर।** शहर के चौक बाजार इलाके में मंगलवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब लोगों ने एक युवक को मोबाइल चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी की पहचान राममिलन मिश्रा निवासी गौर गांव के रूप में हुई है, जो उस समय नशे की हालत में था। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाग पंचमी के अवसर पर कुशवाहा समाज के लोग बागेश्वर धाम दर्शन के लिए गए थे, जहां एक व्यक्ति का मोबाइल चोरी हो गया। बाद में जब उस मोबाइल पर कॉल किया गया तो कॉल राममिलन मिश्रा ने रिसीव की और खुद के छतरपुर में होने की बात कही। इसके बाद समाज के कुछ सदस्य चौक बाजार पहुंचे, जहां आरोपी को मोबाइल के साथ पकड़ लिया गया। आरोपी द्वारा गाली-गलौज करने और मोबाइल वापस न देने पर नाराज़ लोगों ने सरेआम उसकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी। मारपीट के बाद उसे सिटी कोतवाली पुलिस थाने ले जाया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस पूरी घटना का वीडियो भी मौके पर मौजूद लोगों ने बनाया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस मामले में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि आरोपी गौर गांव का रहने वाला राममिलन मिश्रा है, जो नशे की हालत में था। दूसरी ओर, मोबाइल के मालिक कुशवाहा समाज से जुड़े हैं।

### एक माह से अंधेरे में डूबा देवकुलिया गांव



**छतरपुर (राजनगर)।** राजनगर तहसील के ग्राम देवकुलिया के निवासी बीते एक माह से घोर अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर हैं। गांव की डीपी करीब एक माह पूर्व खराब हो गई थी, जिसे बड़ी मशक्कत के बाद हटाया गया, लेकिन आज तक नई डीपी स्थापित नहीं की गई है। नतीजन, गांव की बिजली सप्लाई पूरी तरह ठप है। गांव के चक्की संचालक जगदीश पटेल ने बताया कि वह अपनी चक्की से पूरे गांव के लिए गेहूं पीसकर आटा तैयार करता है, लेकिन बिजली न होने से अब चक्की बंद है। इससे ग्रामीणों को आटा पिसवाने के लिए दूसरे गांवों का रुख करना पड़ रहा है। अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में बिजली न होने से रात के समय गांव अंधेरे में डूबा रहता है, जिससे सांप-बिच्छुओं का डर हमेशा बना रहता है। वहीं, मच्छरों के प्रकोप के चलते लोग मलेरिया जैसी बीमारियों की चपेट में आने के खतरे से डरे हुए हैं। गांव के बस स्टैंड क्षेत्र के निवासी जगदीश पटेल ने जनसुनवाई पोर्टल, एसडीएम कार्यालय, बिजली विभाग और मुख्यमंत्री ऑनलाइन पोर्टल तक दर्जनों शिकायतें दर्ज करवाई हैं, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### खजुराहो सांसद ने की रेल मंत्री से मुलाकात

**छतरपुर।** खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं के विस्तार को लेकर अहम चर्चा की। इस मुलाकात से क्षेत्र में रेल विकास की नई संभावनाएं खुलने की उम्मीद बढ़ी है। सांसद शर्मा ने बताया कि उन्होंने रेल मंत्री से खजुराहो से खैराड़ा जंक्शन तक नई रेलवे लाइन बिछाने का आग्रह किया है, जिससे लवकुशनगर और चंदला विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने में मदद मिलेगी। साथ ही, कटनी में रेलवे वॉशिंग पिट की स्थापना और डीआरएम उप-कार्यालय खोलने की मांग भी की।

# रिश्ते के साले ने जीजा को मारी गोली

## गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गोदहा गांव में हुई सनसनीखेज वारदात

रीवा।

***जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र के गोदहा गांव में मंगलवार देर रात गोली चलने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। हमलावरों ने न सिर्फ एक युवक को गोली मार दी बल्कि उसकी कार को आग के हवाले कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है।***



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोदहा गांव निवासी 42 वर्षीय सलीम खान पिता सुल्तान खान को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी है। सलीम की पारिवारिक स्थिति जटिल रही है। वह तीन विवाह कर चुका है। पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी है, जबकि दूसरी पत्नी उसे छोड़कर जा चुकी है। वर्तमान में उसकी तीसरी पत्नी चित्रकूट जिले के राजापुर क्षेत्र की निवासी है।मंगलवार देर शाम सूचना मिली कि सलीम की तीसरी पत्नी का भाई इमरान अपने कुछ साथियों के साथ गोदहा गांव आया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि सलीम और इमरान के बीच किसी निजी बात को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान बात इतनी बढ़ गई कि इमरान ने कथित तौर पर सलीम की क्विड कार में आग लगा दी और सलीम पर गोली चला दी। घटना की जानकारी मिलते ही सेमरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सलीम को उपचार हेतु तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे गंभीर हालत में संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। वहीं, आरोपी इमरान और उसके साथियों की तलाश में पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। प्रारंभिक जांच में मामला आपसी रंजिश का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस ने सभी पहलुओं की बारीकी से जांच शुरू कर दी है।

# कार और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्टर एक गंभीर

## रीवा सिरमौर मार्ग में तेंदुन की घटना




रीवा। जिले के सिरमौर मार्ग पर बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तेंदुन के समीप मंगलवार की दोपहर कार और बाइक में सीधी टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बाइक सवार रजनीश यादव रीवा से डभौरा की ओर जा रहे था, जैसे ही वह बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेंदुन के समीप पहुंचा तभी बैकुंठपुर से रीवा की ओर आ रही तेज रफ्तार कार से बाइक की सीधी टक्कर हो गई जिससे वह बाइक से दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक और कार के बीच टक्कर कितनी तेज थी की बाइक कार के इंजन में जा फंसी सड़क हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस की डायल हंड्रेड मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए रीवा भेज दिया है। बैकुंठपुर पुलिस ने कार को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के अंतर्गत मानव श्रृंखला का हुआ आयोजन, हजारों लोगों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प





रीवा।

नशामुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को दोपहर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक भव्य मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर ड्रग्स फ्री रीवा का संदेश दिया। मानव श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराना, नशा उन्मूलन के प्रति सामूहिक चेतना विकसित करना तथा समाज में स्वस्थ, सकारात्मक एवं नशामुक्त वातावरण की स्थापना हेतु संकल्पबद्ध होना रहा। प्रतिभागियों ने एकजुट होकर नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे की शपथ ली। कार्यक्रम में रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर उप पुलिस महानिरीक्षक राजेश सिंह चंदेल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक रितु उपाध्याय, नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्रीमती हिमाली पाठक, यातायात प्रभारी, सभी थाना प्रभारियों, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, सहित पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारी व गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा नशा किसी भी समाज के लिए एक धीमा ज़हर है। इस प्रकार की जागरूकता पहल, समाज के हर वर्ग तक संदेश पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम बनती है। नशे से दूरी है जरूरी केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह एक जनांदोलन है, जिसे हम सभी को मिलकर आगे बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि आगामी समय में भी इस अभियान के अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर निरंतर विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं को नशे की गर्त में जाने से रोका जा सके। श्री राजपूत ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले सभी विद्यार्थियों, नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन रिकार्ड रूम का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य में विलंब होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की, शीघ्र कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश

रीवा।



कलेक्टर कार्यालय के ऊपरी मंजिल में अत्याधुनिक रिकार्ड रूम का निर्माण कार्य प्रारंभ है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अभिलेखागार के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य के विलंब होने पर नाराजगी व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि अभिलेखागार का कार्य जून 2025 तक तक पूर्ण होना जाना था। निर्माण एजेंसी हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री को कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कार्य पूर्ण करायें। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि अगस्त माह तक अभिलेखागार का कार्य पूरा करा लिया जायेगा। उल्लेखनीय है कलेक्टर कार्यालय में निर्माणाधीन अत्याधुनिक अभिलेखागार को काम्पैक्टर युक्त बनाया जा रहा है जहॉ लगातार 400 काम्पैक्टर लगेंगे ताकि लोगों को सुविधा जनक ढंग से रिकार्ड की उपलब्धता हो सकेगी। कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी आयुक्त कलेक्टर श्रेयण गोखले को निर्देशित किया कि पुराने रिकार्ड रूम को नवीन रिकार्ड रूम में स्थातांतरित करने की तैयारी प्रारंभ करायें ताकि निर्माण कार्य पूर्ण होते ही तत्काल सभी रिकार्ड व्यवस्थित ढंग से नवीन अभिलेखागार में स्थानांतरित कराये जा सकें। इस दौरान कार्यापालन यंत्री अनुज प्रताप सिंह सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चोरी का शातिर बदमाश गिरफ्तार, तीन बड़ी चोरियों का खुलासा, समान पुलिस कर रही आरोपी से पूछताछ

रीवा।

शहर के समान थाना पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर तीन चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ समान थाना में करीब एक दर्जन मामले पंजीबद्ध है। पुलिस से हासिल जानकारी के मुताबिक बीते दिन संदेही मनीष उर्फ नन्दी यादव पिता बृजलाल यादव 32 वर्ष निवासी रतहरी अकोला बस्ती थाना समान को पुलिस ने पकड़ा जिससे जब सख्ती से पूछताछ की तो तीन घटनाओं का उसने खुलासा किया। बताया गया कि आरोपी ने 5 जुलाई को एच.पी. गैस गोदाम के पास नेहरू नगर रीवा से एक पल्सर मोटर सायकल चोरी की थी, इसके बाद 21 जुलाई को राम जानकी पार्क के पास से एक बुजुर्ग महिला का सोने का मंगलसूत्र छुडाते समय उस पर हमला कर आरोपी फरार हो गया था वहीं तीसरी घटना शातिर बदमाश द्वारा 24 जुलाई को रतहरी में सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी रूपये चोरी करने की सामने आई थी। इसके अलावा आरोपी विश्वविधालय थाना क्षेत्र मे चोरी की एक घटना में हाथ होना बताया है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से अभी पूछतांछ कर रही है, जिससे अन्य घटनाओं का खुलासा होने की संभावना है। आरोपी की निशादेही पर पुसिल ने छुपाये गये नकदी रूपए तथा घटना मे प्रयुक्त प्लास एवं टामी तथा पल्सर मोटर सायकल बरामद की है। पुलिस आरोपी से गिरोह के अन्य सदस्यो एवं चोरी की गई अन्य मोटर सायकल के संबंध में पुछताछ कर रही है।



# आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर द्वितीय आजादी के योद्धाओं को किया गया सम्मानित, 125 सामाजिक संगठनों द्वारा 69 मीसाबंदियों का किया गया सम्मान



रीवा।

69 वर्ष के अपने जीवन में 52 वर्ष समूचे समाज को समर्पित करने वाले विंध्य क्षेत्र के प्रख्यात समाजसेवी, विचारक, , कवि, मीसाबंदी एवं प्रखर वक्ता सुभाष श्रीवास्तव के 69वें जन्मदिवस पर शहर के सर्व सामाजिक संगठन अंतर्गत 125 सामाजिक संगठनों द्वारा विंध्य क्षेत्र के 69 मीसाबंदियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, 25 जून 1975 को इस देश में तात्कलीन हुकूमत ने आपातकाल लगा कर लोकतंत्र का खात्मा करने की साजिश की थी, दूसरी आजादी की लड़ाई में लोकतंत्र के रक्षार्थ मेंटेनेन्स ऑफ़ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट यानि मीसा कानून के तहत जो मीसाबंदी क्रांतिकारिता के साथ डेढ़ वर्ष जेल की सीकचों में रहे, ऐसे विंध्य क्षेत्र के आपातकाल के योद्धाओं का, आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर, सम्मान समारोह स्थानीय कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि मीसाबंदी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक तपन भौमिक रहे, जबकि अध्यक्षता 97 वर्षीय वयोवृद्ध मीसाबंदी कौशल सिंह ने की, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सतना एवं मीसाबंदी शंकर लाल तिवारी, पूर्व विधायक रामपुर बाघेलान एवं मीसाबंदी प्रभाकर सिंह, पूर्व विधायक सिरमौर एवं मीसाबंदी रामलखन शर्मा, पूर्व मंत्री म.प्र. शासन एवं महाराजा रीवा पुष्पराज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता, मीसाबंदी संघ के संभाग अध्यक्ष व पूर्व महापौर राजेंद्र ताम्रकार, संजय गाँधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव, युवा राजनेता संजय द्विवेदी, नायब तहसीलदार दिलीप श्रीवास्तव एवं वार्ड 7 की पार्षद अर्चना शिवदत्त पांडेय उपस्थित रही। मीसाबंदी सम्मान समारोह कार्यक्रम, जिन 125 संस्थाओं द्वारा मिल कर आयोजित किया गया उनमें प्रमुख रूप से हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन, अभ्युदय उपकार फाउंडेश, बेनिसन हेल्पिंग वेलफेयर सोसाइटी, शहीद भगत सिंह सेवा समिति, सर्वोदय विंध्य विकास समिति, ज्ञानोदय जनजागृति समिति, स्व. अरविंद शर्मा कैंसर वेलफेयर सोसाइटी, , अर्जुन लोक कल्याण शिक्षा समिति अमवा, भारतीय सर्व सेवा संगठन, ग्रामीण बाल प्रतिभा मंच, हिंदू क्षत्रिय वाहिनी संगठन, ग्राम सुधार समिति, ओमनाद म्यूजिक फाउंडेशन, श्रीराम हर्षण संगीत महाविद्यालय, वागेश्वरी म्यूजिकल एकेडमी, युवा साहू संगठन, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत महाविद्यालय, स्वरा म्यूजिकल ग्रुप, एवरग्रीन म्यूजिकल इवेंट्स, सुर श्रृंगार संगीत अकादमी, डिसेंट डांस ग्रुप, वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन, आदित्य राज गोरक्षा एवं संरक्षण समिति, रमा म्यूजिकल ग्रुप, हिंदू उत्सव समिति, जन आलय शिक्षण प्रशिक्षण समिति, हार्ट फ्रेशनेश योग केंद्र, हिमालय डांस ग्रुप, स्टाइलिश डांस ग्रुप, विंध्यावुड ग्रुप, वैश्य महासभा, स्वयं चेतना फाउंडेशन, रामनगरसहित सैकड़ो सामाजिक संगठन शामिल है।

# समाधान आनलाइन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के आवेदकों की सुनी समस्याएं मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं विभाग प्रमुखों से ली जानकारी




रीवा । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के 12 जिलों के आवेदकों से उनकी समस्याएं सुनी और निराकरण के संबंध में संबंधित कलेक्टर्स एवं विभाग प्रमुख से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को समय पर मिले। छात्रवृत्ति का भुगतान छात्रों को उसी वर्ष हो जाना चाहिए जिस वर्ष वह जिस परीक्षा में शामिल हो रहा है। उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था को पुख्ता रखने के निर्देश दिए तथा कहा कि त्यौहार के समय धार्मिक स्थलों में सभी समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। राहत राशि का संवेदनशीलता के साथ संबंधितों को वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये।समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में रीवा जिले के तिवनी ग्राम के वार्ड क्रमांक 20 निवासी मनीष तिवारी द्वारा नलजल योजना अंतर्गत पानी की सप्लाई न आने की शिकायत की सुनवाई मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जानकारी दी कि कंदैला समूह जल योजना में सम्मिलित ग्राम तिवनी उच्च स्तरीय टंकी से जुड़ा हुआ है। शिकायतकर्ता के घर की ओर टंकी से जाने वाली पाइपलाइन एमपीयूडीसी द्वारा पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त कर दी गई थी। क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को सुधार कर जल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने निर्देश दिए कि विभागीय समन्वय बनाकर कार्य करें तथा क्षतिग्रस्त पाइपलाइन या सड़क आदि को समन्वय बनाकर दुरूस्त कराएं ताकि आमजन को परेशानी न हो। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में कमिश्नर कार्यालय में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह अपर आयुक्त नीतू माथुर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जबकि कलेक्ट्रेट के एनआईसी में कलेक्टर शप्रतिभा पाल पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, शिकायतकर्ता तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक के इशारे पर 36 घंटे चला कानून का मज़ाक, शर्मिंदगी से मामले को रफा-दफा करने की कोशिश

रीवा

शहर के चोरहटा थाना परिसर में बीते 24 जुलाई को शुरू हुआ बवाल अब राजनीतिक तूल पकड़ चुका है। घटना के पांच दिन बाद भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को इस मुद्दे की गूंज राजधानी भोपाल तक पहुंची और मामला मध्यप्रदेश विधानसभा के पटल पर गूंज उठा। कांग्रेस ने सीएसपी रितु उपाध्याय के साथ कथित अभद्रता और चोरहटा थाने में हुए उपद्रव को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने विधानसभा में यह मुद्दा जोरशोर से उठाया और कहा कि पूर्व विधायक के इशारे पर थाने में करीब 36 घंटे तक उत्पात मचाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला अधिकारी सीएसपी रितु उपाध्याय के साथ अशोभनीय व्यवहार किया गया और पुलिस को खुलेआम धमकाया गया। मिश्रा ने सदन में कहा यदि ऐसा कृत्य किसी आम नागरिक ने किया होता तो पुलिस अब तक उस पर हत्या के प्रयास की धारा (307) भी जोड़ देती। लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।विधानसभा में कांग्रेस द्वारा उठाए गए इस गंभीर मुद्दे के जवाब में मुख्यमंत्री ने मामले की जांच कराने का भरोसा दिलाया है। सदन के बाहर विधायक अभय मिश्रा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि यह केवल महिला अफसर का ही नहीं, बल्कि पूरे पुलिस प्रशासन का अपमान है। यदि कानून का डर खत्म हो गया तो अराजकता की स्थिति बन सकती है। गौरतलब है कि 24 जुलाई को सेमरिया विधानसभा क्षेत्र स्थित वर्तमान विधायक अभय मिश्रा के फार्म हाउस में एक युवक के साथ कथित मारपीट के मामले के बाद चोरहटा थाने में भारी बवाल हुआ। प्रदर्शनकारी पुलिस पर लगातार दबाव बनाते रहे और थाने में नारेबाजी, हंगामा करते रहे। हैरानी की बात यह रही कि पुलिसकर्मी पूरे समय निर्णयविहीन दिखे और कई बार प्रदर्शनकारियों के सामने हाथ जोड़ते नजर आए। इस दौरान थाने में पहुंचे आम फरियादियों को भी निराश लौटना पड़ा। पूरे घटनाक्रम में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि पुलिस थाने में उपद्रव, महिला अधिकारी के साथ अशोभनीय व्यवहार और कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाने वाले व्यक्तियों पर अभी तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। इससे पुलिस प्रशासन की तटस्थता और निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।बॉक्सभाजपा नेताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सौपा ज्ञापन इधर, घटना पर भाजपा की ओर से भी प्रतिक्रिया देखने को मिली। मंगलवार को बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रीवा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। सेमरिया विधायक अभय मिश्रा के ऊपर उनके ही कर्मचारी ने मारपीट का आरोप लगाया था, जिसके बाद सेमरिया के पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी सहित पीड़ित और उनके समर्थकों ने करीब 24 घंटे चोरहटा थाना में धरना प्रदर्शन किया था। इसके ठीक एक दिन पहले पीड़ित कर्मचारी के खिलाफ सिविल लाइन थाना में विधायक अभय मिश्रा के कर्मचारी ने शराब के लिए पैसा मांगने पर गाली गलौज कर मारपीट करने व मुंह से उगली काटने के मामले में शिकायत दर्ज करवाई थी। मंगलवार को उक्त उंगली काटने वाली शिकायत के खिलाफ सेमरिया क्षेत्र के बीजेपी नेताओं ने एडिशनल एसपी आरती सिंह को ज्ञापन सौपकर गंभीरता से जांच कराए जाने की मांग की है। बीजेपी के सेमरिया क्षेत्र के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन देते हुए घटना की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। उनका कहना था कि सेमरिया विधायक ने अपने बयान में उनके फार्म हाउस में दोनों कर्मचारियों के बीच मारपीट की बात स्वीकार की गई जबकि पीड़ित के खिलाफ शिकायत करने वाले ने ढेकहा के पास उक्त घटना होने की बात करते हुए सिविल लाइन थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। साथ ही उन्होने उंगली काटने के मामले पर भी उनकी भूमिका पर संदेह जताया है। भाजपा नेताओं द्वारा दिए गए ज्ञापन के बाद लपुलिस अधिकारी ने जांच किए जाने का आश्वासन दिया है।

# व्यवस्थित ढंग से उपलब्धतानुसार खाद का वितरण सुनिश्चित करायें: कमिश्नर



रीवा । कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने संभाग में खाद की उपलब्धता तथा वितरण की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि व्यवस्थित ढंग से उपलब्धता के अनुसार किसानों को खाद का वितरण करें ताकि कहीं भी अप्रिय स्थिति निर्मित न हो।

कमिश्नर कार्यालय में आमंत्रित बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संभाग में समय से पूर्व वर्षा होने से किसानों ने बोनी कर दी है और उन्हें खाद की आवश्यकता भी है। संभाग के डबललाक में उपलब्ध खाद को किसानों के मध्य वितरित किये जाने के लिये व्यवस्था बनाकर वितरण करायें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि जरूतमंद सभी किसानों को खाद मिल सके। कमिश्नर ने बैठक में ही भोपाल से खाद की उपलब्धता के लिये फोन से मांग की तथा रीवा व सतना जिले के लिए दो-दो रैक भेजने की अनुरोध किया। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि खाद की मांग अधिक है और उस अनुपात में उपलब्धता कम है अतः वितरण में अनुपातिक व्यवस्था बनायें। उन्होंने समिति के मैनेजर से भी फोन पर खाद की उपलब्धता व वितरण की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर बताया गया कि संभाग में धान की 77 प्रतिशत व अन्य फसलों की 78 प्रतिशत बोनी हो चुकी है। लक्ष्य के अधिक बीज का वितरण भी किया जा चुका है। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी सहित कृषि, मार्फेड, सहकारिता एवं जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक उपस्थित रहे।

# मऊगंज पुलिस अधीक्षक ने की ऐतिहासिक पहल

## नवाचार जनसुनवाई कार्यक्रम वीडिओ कांफ्रेंसिंग से



**मऊगंज**। पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने जनहित में पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं त्वरित न्याय की दिशा में एक और सशक्त कदम बढ़ाते हुए नवाचार जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें जनसुनवाई को प्रभावी एवं परिणाममुखी बनाने हेतु नवीन तकनीकों का उपयोग करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC) के माध्यम से जनता से संवाद स्थापित किया गया।विडिओ कांफ्रेंसिंग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिक भी अपने नजदीकी थाने से जुड़कर पुलिस अधीक्षक से सीधे संवाद कर सकें, जिससे उन्हें जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता न पड़े और उनकी समस्याओं का समाधान सहजता से हो सके।इस जनसुनवाई में मऊगंज, शाहपुर, लौर, हनुमना एवं नईगढ़ी थानों के थाना प्रभारियों, संबंधित विवेचकों एवं अधिकारियों ने समयबद्ध एवं सक्रिय सहभागिता दर्ज की। प्रत्येक फरियादी की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया, और संबंधित अधिकारियों को विडिओ कांफ्रेंसिंग के माध्यम से तत्काल दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, जिससे शिकायतकर्ताओं को मौके पर ही समाधान की आशा मिली।पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रतिभागी थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों की इस अनुकरणीय कार्य के लिए सराहना की गई तथा यह निर्देश भी दिए गए कि इस नवाचार जनसुनवाई कार्यक्रम को भविष्य में और अधिक प्रभावशाली एवं सुलभ बनाया जाए, जिससे जनसामान्य को समस्या का त्वरित समाधान हो सके।मऊगंज पुलिस, जनता के विश्वास एवं सहयोग से प्रेरणा लेकर निरंतर जनसेवा, न्याय और पारदर्शिता की राह पर अग्रसर हैं।

# अहिंसा वेलफेयर सोसायटी ने बच्चों की सुरक्षा के लिए समन्वित कार्रवाई पर दिया जोर



**मऊगंज**। मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की पहल पर पीएमश्रीकालेज मऊगंज में महिला बाल विकास विभाग की टीम के साथ अहिंसा पर 15 जुलाई से लगातार बस स्टैंड सामाजिक सामुदायिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी रहा है कार्यक्रम को अधिकाधिक सम्पर्क के साथ समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी और टीम के अलावा पुलिस विभाग और महिला बाल विकास विभाग का सदैव सहयोग मिला है और सभी ने बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिससे चलते यह कार्यक्रम सहजता पूर्वक हुआ इस कार्यक्रम में बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र से जुड़े सभी प्रमुख हितधारक एक साथ आए। इस कार्यक्रम में आम लोगों ने अच्छी पहल कहीं। और संस्था को बधाई भी दी है। सभी ने एक सुर से स्वीकार किया कि बाल दुर्व्यापार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों व विभागों को साथ मिलकर कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है ताकि ट्रैफिकिंग गिरोहों में कानून का भय पैदा हो सके। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी, देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है और मऊगंज में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहा है। जे आर सी बालश्रम, बच्चों की ट्रैफिकिंग, बाल विवाह और बाल यौन शोषण के शिकार बच्चों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्यकर रहा है।बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने सामूहिक रूप से यह माना कि मौजूदा कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संवेदनशील बच्चों को ट्रैफिकिं गिरोहों और उनके काम काज के तरीकों के बारे में संवेदनशील बनाना और सभी एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना तत्काल जरूरी है, ताकि मुक्त कराए गए बच्चों के लिए तय समय सीमा में न्याय और पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके।अहिंसा वेलफेयर सोसायटी ने पिछले वर्ष के दौरान 105 बच्चों को बालश्रम, ट्रैफिकिंग और बाल विवाह से बचाया है। संगठन ने यह रेखांकित किया कि बच्चों की ट्रैफिकिंग केवल बाल मजदूरी या मुनाफे के लिए यौन शोषण तक ही सीमित नहीं है। बहुत से बच्चे, खास तौर से लड़कियां, जबरन विवाह के लिए भी ट्रैफिकिंग का शिकार बनती हैं। यह एक ऐसी समस्या है जिसके बारे में कम ही चर्चा की जाती है और रोकथाम के उपायों पर भी ज्यादा बात नहीं होती। जुलाई माह में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के साथ मिलकर बच्चों की ट्रैफिकिंग के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए रेलवे स्टेशनों पर अभियान चलाया। चूंकि ट्रैफिकिंग गिरोह अक्सर बच्चों को दूसरे राज्य ले जाने के लिए रेल मार्ग का उपयोग करते हैं, इसलिए इस अभियान का फोकस यात्रियों, रेल कर्मियों, विक्रेताओं, दुकानदारों और कुलियों को बाल तस्करी के संकेतों की पहचान करने और संदिग्ध मामलों की सुरक्षित रूप से रिपोर्ट करने के लिए संवेदनशील बनाना था।बच्चों की सुरक्षा के लिए सभी हितधारकों के बीच तालमेल व समन्वय की अहमियत और जिला प्रशासन के सहयोग को रेखांकित करते हुए अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के सुमित सिंह, ने कहा, "अगर बच्चों की ट्रैफिकिंग रोकना है तो कानूनी कार्रवाई जरूरी है। बाल दुर्व्यापारियों को जब शीघ्र और सख्त सजा मिलेगी, तभी हम उनमें कानून का भय पैदा कर पाएंगे और यह भय ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए सबसे असरदार उपाय साबित होगा। रोकथाम अभियानों की सफलता के लिए जिले में मजबूत प्रशासनिक समन्वय और समयबद्ध कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। इस तरह से काम कर हम न सिर्फ बच्चों की सुरक्षा बल्कि उन ट्रैफिकिंग गिरोहों के नेटवर्क का भी खात्मा कर सकेंगे जो बच्चों का शिकार करते हैं।"कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेक्टर सुपरवाइजर शांति पटेल, ब्रम्हकुमारी विश्व विद्यालय मऊगंज कुमारी बहन, पूर्णिमा दीदी, अहिंसा टीम सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी, आशीष कुमार शुक्ला, ज्ञानेंद्र धर द्विवेदी मुख्य रूप से सामिल रहे हैं।